स्टार्टअप, निर्माण और इंजीनियरिंग सेक्टर की यूपी में अप्रत्याशित वृद्धि

13 नए अरबपतियों में से अधिकांश इसी सेक्टर के

लखनऊ। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा संख्या स्टार्टअप, निर्माण और इंजीनियरिंग सेक्टर से जुड़े कारोबारियों की है। यूपी के 13 नए अरबपतियों में से अधिकांश इसी सेक्टर के हैं। बेहतर कारोबारी माहौल का असर है कि एक साल में कारोबारियों की संपत्ति में 40 फीसदी की ग्रोथ हुई है। इस बारे में हुरुन 360 वन वेल्थ के निदेशक सुमित वोहरा ने कहा कि सूची में यूपी का बढ़ता प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। देश के 34 अरबपतियों के साथ उत्तर प्रदेश आर्थिक विकास और समृद्धि के प्रमाण के रूप में खड़ा है। हुरुन इंडिया के एमडी और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में 40 फीसदी की वृद्धि सामान्य बात नहीं है। यूपी ने निर्माण, इंजीनियरिंग, खाद्य और पेय पदार्थ सेक्टर में अपने विकास और क्षमता को उजागर किया है। ब्यूरो

रिचलिस्ट में उत्तर प्रदेश के 34 उद्योगपति

रैंक भारत	रैंक यूपी	नाम	संपत्ति	कंपनी	शहर
145	1	मुरलीधर ज्ञानचंदानी	14,000	घड़ी समूह	कानपुर
219	2	बिमल ज्ञानचंदानी	9,400	घड़ी समूह	कानपुर
348	3	दिनेश चंद्र अग्रवाल	5,700	इंडियामार्ट	नोएडा
468	4	सचिन अग्रवाल	4,300	पीटीसी इंडस्ट्रीज	लखनऊ
478	5	अनिल कुमार सिंह	4,200	एपको इंफ्राटेक	लखनऊ
482	6	लक्ष्मण दास	4,104	अमृत बॉटलर्स	फैजाबाद
493	7	बृजेश अग्रवाल	3,900	इंडियामार्ट	नोएडा
506	8	अलख पांडेय	3,700	फिजिक्सवाला	प्रयागराज
587	9	हितेश ओबेराय	3,000	इंफोएज इंडिया	नोएडा
802	10	आनंद स्वरुप अग्रवाल	2,000	इंडिया पेस्टीसाइड	लखनऊ
802	10	राघव चंद्रा	2,000	अर्बन कंपनी	कानपुर
829	11	यशीश दहिया	1,900	पीबी फिनटेक	नोएडा
875	12	फरीद अहसान	1800	शेयरचैट	लखनऊ
875	12	शेखर अग्रवाल	1,800	सूर्या फूड	नोएडा
875	12	नवीन अग्रवाल	1,800	सूर्या फूड	नोएडा
875	12	मनोज अग्रवाल	1,800	सूर्या फूड	नोएडा
875	12	विष्णु आर दुसाड	1,800	न्यूक्लियस सापटवेयर	नोएडा
1,045	18	अजय कुमार त्यागी	1,400	यथार्थ हास्पिटल	नोएडा
1,098	19	योगेश कुमार जैन	1,300	पीएनसी इंफ्राटेक	आगरा
1,098	19	चक्रेश कुमार जैन	1,300	पीएनसी इंफ्राटेक	आगरा
1,098	19	नवीन कुमार जैन	1,300	पीएनसी इंफ्राटेक	आगरा
1,098	19	प्रदीप कुमार जैन	1,300	पीएनसी इंफ्राटेक	आगरा
1,098	19	रामवीर सिंह	1,300	ईएमएस	गाजियाबाद
1,098	19	मोहम्मद जहीर	1,300	अल हमद एग्रो फूड	अलीगढ़
1,145	25	विनोद कुमार सिंह	1,200	एपको इंफ्राटेक	लखनऊ
1,145	25	सुशीला देवी सिंहानिया	1,200	जेके सीमेंट	कानपुर
1,145	25	शाहिद रहमान मिर्जा	1,200	मिर्जा इंटरनेशनल	कानपुर
1,145	25	मनीष जैन	1,200	लिंडे इंडिया	गाजियाबाद
1,201	29	मयंक अग्रवाल	1,100	वैंकमेट इंडिया	आगरा
1,253	30	अरविंद गुप्ता	1,000	मॉन्टेज इंटरप्राइजेज	नोएडा
1,253	30	चंद्र प्रकाश अग्रवाल	1,000	गैलेंट इस्पात	गोरखपुर
1,253	30	कपिल कुमार त्यागी	1,000	यथार्थ हास्पिटल	दादरी
1,253	30	वाजिद अहमद	1,000	एचएमए एग्रो	आगरा
1,253	30	तनसीफ मिर्जा	1,000	मिर्जा इंटरनेशनल	कानपुर

नोएडा सबसे पसंदीदा शहर

नोएडा तेजी से अमीरों के लिए लोकप्रिय गंतव्य बनता जा रहा है। सूची में दस व्यक्तियों ने नोएडा को अपने निवास के लिए चुना है। यह नोएडा के मजबूत बुनियादी ढांचे और बढ़ते आर्थिक अवसरों का भी संकेत है। अधिक से अधिक लोग यहां रहना पसंद कर रहे हैं।

(संपत्ति करोड़ रुपये में)